ग्वालियर | शनिवार। 17 जनवरी 2026। वर्ष 31 । अंक 153 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु.5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# स्टार्टअप ने बदली देश की सोच

## पीएम मोदी ने कहा- भारतीय सर्वरों पर तैयार हो स्वदेशी एआई

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी, इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हो.**

पीएम मोदी ने यहां भारत मंडपम् में स्टार्टअप इंडिया मिशन के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश में एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ है, जो नवाचार को बढ़ावा देता है. सरकार ने विश्वास और पारदर्शिता का माहौल बनाया है. जन विश्वास कानून बनाया है. स्टार्टअप के लिए कई कानूनों में स्व-प्रमाणन की सुविधा दी गई है, जिससे स्टार्टअप का समय मुकदमेबाजी में बर्बाद न हो.



इससे पहले पीएम मोदी ने कुछ स्टार्टअप कंपनियों के स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा किए जा रहे काम के बारे में जाना. इसके बाद कुछ स्टार्टअप ने मंच से अपनी यात्रा और स्टार्टअप इंडिया मिशन से मिले लाभ के बारे में बताया.

पीएम मोदी ने कहा कि आज का अनुसंधान ही कल की बौद्धिक संपदा बनती है. जो देश एआई की क्रांति में जितना आगे होगा, वह उतनी ही लाभ की स्थिति में होगा. कार्यक्रम में मौजूद स्टार्टअप का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, यह काम आपको करना होगा. इंडिया ने एआई मिशन के जरिये 38 हजार से अधिक जीपीयू को ऑनबोर्ड किया है. हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हों.

### पीएम मोदी की स्पीच की बड़ी बातें

- → 10 साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे. आज यह संख्या 2 लाख से ज्यादा है.
- → नए स्टार्टअप से 21 लाख लोगों को रोजगार मिला
- → हमने नौजवानों को खुला आसमान दिया और आज स्थिति हमारे सामने है.
- → आज भारत दुनिया का थर्ड लार्जेस्ट इको सिस्टम है.
- → मुझे बहुत खुशी है कि स्टार्टअप इंडिया ने देश में नए कल्चर को जन्म दिया है.
- → पहले गरीब बच्चे नौकरी के ही सपने देख पाते थे, लेकिन स्टार्टअप इंडिया ने उन हालात को बदला.

# पहली बार बीजेपी से बीएमसी का मेयर

महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव के परिणाम | **30** साल बाद मुंबई में ठाकरे परिवार सत्ता से बाहर | **77** सालों से मुंबई ननि पर कांग्रेस और शिवसेना का रहा है कब्जा

**मुंबई, 16 जनवरी. मुंबई के इतिहास में पहली बार भाजपा का मेयर हो सकता है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव रिजल्ट में भाजपा गठबंधन को कुल 227 सीटों में से 118 सीटों पर बढ़त हासिल है. जिसमें से भाजपा 90, शिवसेना शिंदे 28 सीटों पर आगे चल रही है.**

आजादी के बाद 77 सालों से मुंबई नगर निगम पर कांग्रेस व शिवसेना का कब्जा रहा है. 1947 से 1967 तक 20 साल तक कांग्रेस का मेयर रहा. वहीं 1992 से लेकर 2022 यानी 30 सालों तक मेयर की कुर्सी पर शिवसेना काबिज रही. भाजपा 45 साल के इतिहास में पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने की स्थिति में पहुंची है. 1980 में भाजपा ने 1992 से 2017 तक मुंबई में शिवसेना को सपोर्ट दिया था. मुंबई के मेयर का पद संभालने वाली आखिरी शख्स शिवसेना की किशोरी पेडनेकर थीं, जिन्होंने 22 नवंबर 2019 से 8 मार्च 2022 तक यह पद संभाला था.



### 29 में 23 निगमों में बीजेपी आगे

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन एकतरफा जीत की ओर है. रुझानों में 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को बढ़त है. नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भाजपा गठबंधन को बढ़त है. लातूर में कांग्रेस ने जीत हासिल की है. बता दें कि राज्य में निगम चुनाव के लिए 15 जनवरी को वोटिंग हुई थी. 893 वार्डों में कुल 15 हजार 931 उम्मीदवार मैदान में हैं. नगर निगम की कुल 2 हजार 869 सीटें हैं. इनमें से 68 उम्मीदवार निर्विरोध जीत हासिल कर चुके हैं.

### महाराष्ट्र से एनडीए का रिश्ता हुआ और मजबूत

महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव परिणाम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, धन्यवाद महाराष्ट्र! राज्य के मेहनती लोगों ने एनडीए के जन-समर्थक सुशासन के एजेंडे को आशीर्वाद दिया है। अलग-अलग नगर निगम चुनावों के नतीजे बताते हैं कि महाराष्ट्र के लोगों के साथ एनडीए का रिश्ता और मजबूत हुआ है।

### एक नजर में



#### उद्योगपति मित्तल के निधन पर पीएम ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग जगत के जाने-माने उद्योगपति और इस्पात समूह के प्रमुख श्री मोहन लाल मित्तल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए मित्तल के उद्योग, समाज और भारतीय संस्कृति के प्रति योगदान को याद किया। उनके निधन को उद्योग जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि मोहन लाल मित्तल ने उद्योग जगत में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई और वे भारतीय संस्कृति के प्रति अत्यंत भावुक थे। उन्होंने समाज के विकास के लिए विभिन्न परोपकारी कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने लिखा कि मित्तल के साथ हुई अनेक मुलाकातों की स्मृतियां वे हमेशा संजो कर रखेंगे। उन्होंने दिवंगत उद्योगपति के परिवार, सहयोगियों और प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# गणतंत्र दिवस पर अब कोई वीआईपी नहीं

- सालों से चला आ रहा वीआईपी कल्चर होगा समाप्त
- वाद्ययंत्रों के नाम पर होगी बीटिंग रिट्रीट की गैलरी



**नई दिल्ली, 16 जनवरी. गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्र सरकार सालों से चले आ रहे वीआईपी कल्चर को खत्म करने जा रही है. परेड देखने के लिए आए मेहमानों की कुर्सियों पर अब वीवीआईपी, वीआईपी और डिग्निटी नहीं लिखा होगा. इसकी जगह नदियों के नामों का इस्तेमाल किया जाएगा. इसके अलावा बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए गैलरी का नाम संगीत वाद्ययंत्रों के नाम पर रखा है.**

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी. सरकार का मानना है कि इस बदलाव से आम आदमी और वीआईपी के बीच अंतर कम होगा. भारतीय संस्कृति, विरासत और समानता को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही हर नागरिक खुद को बराबर महसूस कर सकेगा. परेड के रास्ते में बनी बैठने की जगहों को पहली बार नंबरों से नहीं पहचाना जाएगा. इसके बजाय, लोगों के बैठने की जगह का नाम देश की प्रमुख नदियों के नाम पर रखा गया है. पहले इन जगहों की पहचान सिर्फ नंबरों से होती थी.

# अल फला विवि की 140 करोड़ की संपत्ति अटैच

**फरीदाबाद**, 16 जनवरी. **प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अल फला से जुड़ी करीब 140 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच कर लिया है. अटैच की गई संपत्ति में 54 एकड़ जमीन और उस पर बने 20 भवन शामिल हैं. यही वह परिसर है, जहां अल फला यूनिवर्सिटी का संचालन किया जा रहा है.**

ईडी के अनुसार यह कार्रवाई जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर की गई है. एजेंसी ने इस मामले में चार्जशीट भी दाखिल कर दी है. चार्जशीट में जवाद सिद्दीकी और अल फला




चैरिटेबल ट्रस्ट को आरोपी बनाया है. जवाद सिद्दीकी अल फला चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन बताए जा रहे हैं. अल फला यूनिवर्सिटी इससे पहले भी जांच एजेंसियों के रडार पर आ चुकी है. बताया गया है कि रेड फोर्ट ब्लास्ट केस की जांच के दौरान इस यूनिवर्सिटी का नाम सामने आया था. इसी जांच के तहत ईडी ने मामले की पड़ताल शुरू की और वित्तीय लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई. ईडी की जांच में सामने आया कि यूनिवर्सिटी से जुड़ी जमीन और भवनों की कीमत करीब 140 करोड़ रुपये आंकी गई है. इसके बाद एजेंसी ने कानूनी प्रक्रिया के तहत इन संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की. फिलहाल इस मामले में ईडी की जांच जारी है. एजेंसी की ओर से यह साफ किया गया है कि जांच के दायरे में आए सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है. अल फला यूनिवर्सिटी से जुड़ी यह कार्रवाई अब चर्चा का विषय बनी हुई है.

# सीएम ने बहनों के खाते में डाली 1836 करोड़ की राशि

नवभारत न्यूज

**माखननगर बाबई, 16 जनवरी लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में सीएम ने 32वीं किस्त की राशि ट्रांसफर की है। सीएम ने दादा माखन लाल चतुर्वेदी की प्रतिमा का भी अनावरण किया। सीएम के पहुंचने पर पहले रेस्ट हाउस के लोकार्पण के बाद छत पर 10 लाड़ली बहनों के साथ सीएम का पतंग उड़ाने का प्लान था। देरी से पहुंचने पर इसे कैंसिल किया गया।**

सीएम ने बनखेड़ी नर्मदापुरम स्टेट हाईवे को फोरलेन के लिए स्वीकृति करने, सोहागपुर में सरकारी कॉलेज खोलने की




घोषणा की। अभी नर्मदापुरम से बनखेड़ी गाडरवाड़ा स्टेट हाईवे टु लेन है। आवाजाही ज्यादा होने से दिक्कत होती है। इंदौर दूषित जल पीने से हुई मौतों के मामले में कांग्रेस के सवाल पर सीएम ने जवाब दिया। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा भोपाल गैस त्रासदी कांड कांग्रेस के शासनकाल में हुआ है। यूनियन कार्बाइड कंपनी के मालिक वारेन एंडरसन को भगाने का श्रेय केवल कांग्रेस को है। राहुल गांधी को अपने पूर्वजों की गलतियों के लिए माफी मांगना चाहिए। राहुल गांधी ने भगवान राम पर सवाल उठाए। उन्होंने उनके जन्म का प्रमाण मांगा। (शेष पृष्ठ 2 पर)

### कांग्रेस पर कसा तंज, बोले- और राशि बढ़ाएंगे

सीएम डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कांग्रेस बोलती है लाडली बहना के रुपए से शराब पी जाते हैं। कांग्रेस भले ही कुछ भी कहती रहे पर भरोसा बहनों के हाथों में रुपए जाते है तो वो एक-एक रुपए का सदुपयोग करती है। घर परिवार का पहले सोचती हैं फिर आखिरी में खुद का सोचती है। हम राशि और बढ़ाएंगे।

